## एच एस जी से होने वाले जोखिम और जटिलताएं क्या है?

एच एस जी को बहुत ही सुरक्षित प्रक्रिया माना जाता है जबकि यहाँ पर मान्यता प्राप्त जटिलताओं का एक सेट है जिसमे कुछ गंभीर है जिसकी घटने कि संभावना १% से भी कम है।

**संक्रमण** : श्रोणि (Pelvic) संक्रमण एच एस जी से होने वाला एक सामान्य गंभीर समस्या है। यह प्रायः पुराने किसी ट्युबल रोग के उपस्थिति के कारण होता है। कुछ असामान्य मामलो में संक्रमण फैलोपियन ट्यूब को नुकसान कर सकता है या उसे हटाने जैसी परिस्थिति उत्पन्न कर देता है। एच एस जी करने के एक से दो दिन के अंदर अगर महिला को दर्द या बुखार का अनुभव होता है तो उन्हें अपने चिकित्सक के साथ संपर्क करना चाहिए।

**बेहोशी** :- शायद ही कभी रोगी को प्रक्रिया के दौरान या तुरंत बाद सर चकराने की अनुभूति होती है।

**विकिरण खतरा (अनावरण)** :- एच एस जी से होने वाले विकिरण का खतरा बहुत कम है यहाँ तक कि यह वृक्क या आंत अध्ययन में होने वाले विकिरण से भी कम है और इस विकिरण के कारण कोई भी बुरा प्रभाव प्रमाणित नहीं हुआ भले बाद के महीने में ही गर्भ धारण हो। गर्भावस्था के संदेह होने पर एच एस जी नही करना चाहिए।

**आयोडीन एलर्जी** :- शायद ही कभी किसी मरीज को एच एस जी में प्रयोग होने वाले आयोडीन युक्त पदार्थ से एलर्जी होता है। अगर किसी मरीज को आयोडीन, अंतःशिरा डाई या समुद्री भोजन से एलर्जी है तो उन्हें अपने चिकित्सक को बताना चाहिए। जिस मरीज को आयोडीन से एलर्जी है वो एच एस जी के जगह पर बेटा हिस्टेरोग्राम करवा सकते है जिसमे आयोडीन रहित पदार्थ का उपयोग होता है। बेटा हिस्टेरोग्राम द्वारा गर्भाशय गुहा से सम्बंधित अच्छा विवरण प्राप्त होता है लेकिन फैलोपियन ट्यूब के सम्बन्ध में सिमित जानकारी ही मिलती है। यदि किसी मरीज को प्रक्रिया के बाद शरीर पर दाने, खुजली या सूजन का अनुभव हो तो उन्हें अपने चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

**स्पॉटिंग (Spotting)** :- सामान्यत : एच एस जी के बाद एक से दो दिन के लिए स्पॉटिंग (Spotting) होता है। अगर किसी मरीज की भारी रक्तस्राव का अनुभव हो तो उन्हें चिकित्सक को सूचित करना चाहिए जब तक उन्हें कोई और निर्देश ना दिया जाये।

## Services

- Pre Conception Counselling
- Infertility Workup
- IUI or Intra Uterine Insemination
- IVF or In Vitro Fertilization
- ICSI or Intra Cytoplasmic Sperm Injection
- Oocyte Donation and Egg Sharing Programmes
- Surrogacy
- Embyro Freezing and Oocyte Freezing
- Cyro Preserved Semen Bank
- Andrology Clinic
- TESA and PESA
- Basic and Advanced Endoscopic Surgery
- Hormone Analysis
- Genetic Counseling
- Pre Implantation Genetic Diagnosis (PGD)
- Pre Implantation Genetic Screening (PGS)
- Recurrent Miscarriage Clinic
- Nutrition Clinic
- Pharmacy

Care IVF
Empowering women's health

766 866 66 33


1. **Care IVF Lansdowne:** 88 B, Sarat Bose Road, Kolkata 700 026 Ph. : 9674304767
2. **Care IVF Salt Lake:** AC-12, Sector-I, Salt Lake City, Kolkata 700 064 Ph. : 033 40053085
3. **Care IVF Jamshedpur:** Michel John Tower, Souther Town Area - 06, K. Road, Bisthupur. Ph. : 8334950664

babies@careivfkolkata.com

**FOLLOW US ON**

/Care IVF  /Care IVF Kolkata

**Care IVF A unit of CARE FERTILITY SOLUTIONS PRIVATE LIMITED, CIN NO. :- U85110WB2005PTC103718**



## AFFORDABLE TESTING FOR TUBAL BLOCKS

Care IVF
Empowering women's health

# Care IVF

## हिस्टेरोसेलपिंगोग्राम (एच एस जी) क्या है?


हिस्टेरोसेलपिंगोग्राम (एच एस जी) एक एक्स रे प्रक्रिया है जिससे यह तय किया जाता है कि फेलोपियन ट्यूब खुले है या नहीं एवं गर्भाशय गुहा का आकार सामान्य है या नहीं। एच एस जी एक आउट पेशेंट प्रक्रिया है जिसे करने में एक घंटा तीस मिनट का समय लगता है। यह प्रक्रिया आम तौर पर महीना समाप्त होने के बाद किया जाता है, किन्तु प्रारंभिक गर्भधारण में हस्तक्षेप से बचने के लिए यह प्रक्रिया ओवुलेशन (ovulation) के पहले भी किया जाता है।

## हिस्टेरोसेलपिंगोग्राम कैसे किया जाता है?

- इस प्रक्रिया के लिए मरीज को एक मेज पर फ्लोरोस्कोप (एक वास्तविक समय एक्स रे इमेजर) के निचे लेटाया जाता है।
- इसके पश्चात् स्त्री रोग विशेष्ज्ञ या रेडियोलाजिस्ट उनके गर्भाशय की जाँच करते है और उनके योनि में एक वीक्षक (speculum) रखा जाता है।
- उनके गर्भाशय ग्रीवा (Cervix) को साफ किया जाता है एवं एक उपकरण (canula) गर्भाशय ग्रीवा के मुख पर रखा जाता है।
- इसके बाद चिकिस्तक रखे गए उपकरण के माध्यम से एक आयोडीन युक्त तरल पदार्थ (Contrast) दवारा गर्भाशय को भरते है।
- इसके बाद यह तरल पदार्थ ट्यूब के लम्बाई एवं रूपरेखा में प्रवेश करती है और उनके छोरो को फेला देती है यदि ये खुले हो।
- गर्भाशय गुहा या फैलोपियन ट्यूब में मौजूद कोई भी असामान्यताएं मॉनिटर पर दिखाई देगी।


  एच एस जी अंडाशय के मूल्यांकन या एंडोमेट्रियोसिस के निदान के लिए उपयुक्त नहीं है।
- मेज पर मरीज के स्थिति को बार बार बदलने से उनके गर्भाशय और ट्यूब के सभी पक्षों का दृश्य प्राप्त होता है।
- एच एस जी प्रक्रिया के बाद मरीज तुरंत सामान्य गतिविधियों को फिर से शुरु कर सकते है हालाँकि कुछ चिकिस्तक महिलाओ को कुछ दिनों के लिए सम्भोग (इंटरकोर्स) से बचने का सलाह देते है।

### NORMAL UTERUS AND TUBES





## क्या इस प्रिप्रिया से असहज महसूस होता है?

इस प्रक्रिया के कारण आमतौर पर पांच मिनट के लिए गर्भाशय के ऐंठन का अनुभव होता है जबकि कुछ महिलाओ को इसका अनुभव कुछ घंटो तक हो सकता है। मासिक धर्म के ऐंठन में इस्तेमाल होने वाले दवाओं को लेने से लक्षणों में सुधार आता है।




### ABNORMALITIES




## क्या हिस्टेरोसेलपिंगोग्राम प्रजनन क्षमता को बढ़ाता है?

यह विवादास्पद है कि क्या यह प्रक्रिया प्रजनन क्षमता को बढ़ाती है। कुछ अध्ययनों से यह संकेत मिलता है कि सामान्य एच एस जी प्रक्रिया के बाद प्रजनन क्षमता में मामूली बृद्धि होती है जो तीन महीने तक रहती है। अधिकांश चिकित्सक एच एस जी केवल नैदानिक कारणों के लिए करते है।